83वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे हॉकी प्रतियोगिता में दमदार जीत के साथ क्वालीफाई

पमरे हॉकी टीम नॉकआउट में, शानदार प्रदर्शन से बढ़ाया मान

नवभारत, जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) की हॉकी टीम ने दक्षिण पूर्व रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, रांची में आयोजित 83वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया है। पमरे ने अपने पहले मैच में उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज को 4-2 से हराया। परमीत ने हैट्रिक जमाई, जबकि आकाश पाल ने एक गोल किया। दूसरे मैच में टीम को दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता से 1-3 से हार मिली। तीसरे मुकाबले में पमरे ने उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर को 21-2 से पराजित किया। मोहित (5), मो. शादिक (4), परमीत व ताज (2-2), नवदीप (2), ओसाफ (2) तथा अमित, अमनदीप, मयंक और मुबीन (1-1) ने गोल किए।

क्वालीफाइंग मैच में पमरे ने उत्तर पूर्व रेलवे, गोरखपुर को 1-0 से हराकर नॉकआउट में स्थान पक्का किया। निर्णायक गोल मो. ताज ने दागा। टीम में सावन रामचन्द्रन, परमीत, अमित राजभर, रिंकू यादव, नवदीप सिंह, एस. प्रचापति, मोहित, ओसाफ उर रहमान, अमित कुमार, मुबीन उर रहमान, आकाश पाल, मो. ताज, मो. नदीम, अमान उल्ला, मयंक जेम्स, मो. सादिक, अमनदीप, सैय्यद इमरान अली शामिल हैं। कोच मेराजुद्दीन एवं मैनेजर मो. आरिफ के मार्गदर्शन में टीम ने यह उपलब्धि हासिल की।

महाप्रबंधक सहित रेल कर्मचारियों ने दीं शुभकामनाएं

पमरे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय, कुशाल सिंह (राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी) जी.पी. शिव नारायण (महासचिव), कमल कुमार तलरेजा (मंडल रेल प्रबंधक), मधुर वर्मा (वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक), गुरनार सिंह, आरिफ अली, गजेन्द्र सिंह मेहरोलिया, हसन अली, गणेश श्रीवास्तव, सादिक खान, असद खान, रैना यादव, असलम अली, नवीन तोमर सहित रेल कर्मचारियों व खेल प्रेमियों ने टीम को नॉकआउट के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

लीगल लाइनर्स और एमराल्ड एंजेल्स की शानदार जीत

मध्य प्रदेश अधिवक्ता परिषद की वूमेंस एडवोकेट्स प्रीमियर लीग में रोमांचक मुकाबले

नवभारत, जबलपुर। मध्य प्रदेश अधिवक्ता परिषद के तत्वावधान में गोल बाजार स्थित टर्फ मैदान पर आयोजित वूमेंस एडवोकेट्स प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। पहले मैच में लीगल लाइनर्स ने पावर स्ट्राइकर को तीन विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पावर स्ट्राइकर ने 46 रन बनाए। टीम की ओर से नंदिनी ने सर्वाधिक 10 रन बनाए, जिसमें एक छक्का शामिल था। लीगल लाइनर्स की ओर से अभिलाषा ने प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लीगल लाइनर्स ने तीन विकेट शेष रहते मैच अपने नाम कर लिया।

रंजना ने 15 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिसमें दो छक्के शामिल थे। पावर स्ट्राइकर की ओर से रश्मि और रीता ने एक-एक विकेट हासिल किया। शानदार प्रदर्शन के लिए अभिलाषा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें यह ट्रॉफी अतिथि एडवोकेट जगदीप टीटू, एडवोकेट स्मिता वर्मा अरोड़ा और एडवोकेट राहुल श्रीवास्तव द्वारा प्रदान की गई।

एमराल्ड एंजेल्स ने आसानी से किया लक्ष्य हासिल

एक अन्य मुकाबले में एमराल्ड एंजेल्स ने येलो पैंथर्स को 5 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए येलो पैंथर्स की टीम ने 18 रन बनाए। एमराल्ड एंजेल्स की ओर से अमन शर्मा ने दो ओवर में एक मेडन रखते हुए मात्र एक रन देकर एक विकेट लिया। जवाब में एमराल्ड एंजेल्स ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से सीमा ने 9 रन बनाए, जिसमें एक छक्का शामिल था। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अमन शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

महिलाए विज्ञान क्षेत्र में निभा रहीं अग्रणी भूमिका : प्रो .संधू

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर भारतीय ज्ञान परंपरा और महिला योगदान पर हुआ मंथन

नवभारत,जबलपुर। मध्य प्रदेश कॉउन्सिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, माइक्रो बायोलॉजिस्ट्स सोसाइटी ऑफ इंडिया, बायोलॉजिकल इनोवेशन नेटवर्क, महाकौशल विज्ञान परिषद एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के सहयोग से श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेजमे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन रोल का वूमेन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी इनसाइड फ्रॉम थे इंडियन नॉलेज सिस्टम विषय पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. एस.एस. संधू (निदेशक, बायोडिज़ाइन इनोवेशन सेंटर) ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि नवाचार और वैज्ञानिक चेतना का संकल्प दिवस है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा में गार्गी एवं मैत्रेयी जैसी विदुषियों का उल्लेख करते हुए कहा कि नारी सदैव ज्ञान की धुरी रही है। आज महिलाएँ बायोटेक्नोलॉजी, अंतरिक्ष विज्ञान और चिकित्सा अनुसंधान में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं । परिषद के डॉ. आर.एस. चंडोक ने विज्ञान को समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि वैदिक काल से आधुनिक युग तक महिलाओं ने शोध और नवाचार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विशिष्ट अतिथि डॉ. श्यामजी शुक्ला ने कहा कि विज्ञान समस्या समाधान की सतत प्रक्रिया है और 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते' का उल्लेख करते हुए नारी सम्मान को प्रगति का आधार बताया। द्वितीय चरण में प्रश्नोत्तरी, भाषण, रंगोली, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। संयोजक डॉ. हर्षिता शुक्ला एवं सहसंयोजक डॉ. सौरभ गुप्ता रहे। बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे इस अवसर पर डॉ. जी.के. चंडोक, डॉ. मनीष शाह, डॉ. शिवमणि मिश्रा, डॉ. अंजू पाठक, डॉ. विपिन राय, डॉ. शशि दुबे , डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. संध्या कोष्टा, डॉ. अम्बिका तिवारी प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रहै।

होम साइंस कॉलेज में विज्ञानोत्सव का आयोजन

नवभारत, जबलपुर। होम साइंस कॉलेज के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा 25 एवं 26 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विविध शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोस्टर, विज्ञान क्विज, मॉडल एवं पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने आधुनिक भौतिकी, ऊर्जा संरक्षण, अंतरिक्ष विज्ञान एवं पर्यावरणीय चुनौतियों जैसे विषयों पर प्रभावी प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल में रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक देवेश कुमार, रिया मरकाम, प्रियंका टोप्पो तथा गणित विभाग के प्राध्यापक राजेंद्र पांडे शामिल रहे। पुरस्कार वितरण में विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार बघेल सहित डॉ. गिरीश वर्मा, डॉ. राजकुमार गौतम, डॉ. शिवांगी मिश्रा एवं डॉ. रश्मि पटेल का विशेष सहयोग रहा। आयोजन ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना एवं तार्किक सोच को सुदृढ़ किया।

कटनी और छिंदवाड़ा ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

नीमखेड़ा स्टेडियम में अंतर जिला सीनियर बालक क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले

नवभारत,जबलपुर। जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर बालक वर्ग एक दिवसीय (50-50 ओवर) क्रिकेट प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता का आयोजन एम पी सी ए स्टेडियम नीमखेड़ा में 23 फरवरी से किया जा रहा है। पहले मुकाबले में कटनी जिले ने डिंडोरी को 87 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर डिंडोरी ने पहले गेंदबाजी चुनी। कटनी ने 37.2 ओवर में 200 रन बनाए। आकाश त्रिपाठी ने 78 (68) रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 11 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। सुमित सिंह (44) और अनुराग शुक्ला (36) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। जवाब में डिंडोरी की टीम 33.1 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। कटनी के अनुराग पटेल ने 4 विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

छिंदवाड़ा ने सिवनी को 4 विकेट से हराया

दूसरे मैच में छिंदवाड़ा ने सिवनी को 4 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सिवनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 ओवर में 7 विकेट पर 266 रन बनाए। सार्थक जैन ने 89 (67) और हर्षित ने 56 रन बनाकर शतकीय साझेदारी की। जवाब में छिंदवाड़ा ने 40.3 ओवर में 6 विकेट पर 270 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अचिंत ठाकुर ने 66 (39) रनों की तेज पारी खेली, जबकि मानव शर्मा 49 रन बनाकर नाबाद रहे। प्रतियोगिता के अगले चरण के मुकाबले आज शुक्रवार को प्रात: 9 बजे से खेले जाएंगे, जिनमें टीमें फाइनल में प्रवेश के लिए खेलेंगी।

ये रहे उपस्थित

पहले मैच में एम्पायर अमित यादव, गौरव जनसारी, स्कोरर सचिन साहू, आब्जर्वर, सोनू राबिंसन, एवं दूसरे मैच के एम्पायर त्रिलोक नायडू, रामा राव, स्कोरर अंकित यादव रहे। इस अवसर पर जबलपुर संभागीय क्रिकेट सीनियर टीम के चयनकर्ता प्रशांत द्विवेदी, गोपाल दत्त जोशी उपस्थित रहे।

पार्किंग विवाद में युवक के पेट में घोंपा चाकू

नवभारत, जबलपुर। सिविल लाइन अंतर्गत मनोहर चाय दुकान के सामने बीती रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पार्किंग को लेकर हुए विवाद युवक के पेट में बदमाश ने चाकू घोंप दिया। पुलिस ने बताया कि अक्षयदीप कुरील पिता स्व राजेंद्र प्रसाद कुरील 27 वर्ष निवासी गली न 10 सदर केंट ने बताया कि बीती रात करीब 8 बजे अपने दोस्तों विकासदीप, शोभित और मयूर के साथ चाय पीने सिविल लाइन गया था। गाड़ियाँ पार्किंग में व्यवस्थित खड़ी की थीं। तभी मोटरसाइकिल पर तीन युवक वहाँ पहुँचे। सफेद शर्ट पहने एक युवक ने गाड़ी पार्किंग को लेकर अचानक विवाद शुरू कर दी। जब अक्षयदीप ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी ने चिल्लाकर कहा तू राज बिरहा को दादागिरी बता रहा है इतना कहते ही राज बिरहा के दो अन्य साथी भी वहाँ पहुँच गए और मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच राज बिरहा ने जान से मारने की नीयत से चाकू निकाला और अक्षयदीप की बाईं पसली के नीचे पेट में मार दिया।

दुकान में घुसकर भी किया हमला

हमले से बचने के लिए पीड़ित जब मनोहर चाय दुकान के अंदर भागा, तो आरोपियों ने उस पर कांच के गिलास फेंककर हमला किया। इसी दौरान नीली कैप पहने एक अन्य युवक भी वहाँ पहुँचा और मारपीट में शामिल हो गया। वहां मौजूद दोस्तों और दुकानदारों के बीच-बचाव के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी राज बिरहा और उसके तीन अन्य साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

महिला ने लगाई फांसी

जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत राधा कृष्ण मंदिर निवासी एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक श्रीमति अर्चना सेन 45 वर्ष निवासी राधा कृष्ण मंदिर के पास रांझी ने घर में फांसी लगा ली थी जिसे उपचार के लिए रांझी अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है ।

300 मरीजों को मिला उपचार, दवाओं का भी वितरण

दुर्गा मंदिर, धनवंतरी नगर में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

नवभारत, जबलपुर। दुर्गा मंदिर, धनवंतरी नगर में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में लगभग 300 मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में मूक-बधिर विद्यालय के बच्चों सहित विभिन्न मरीजों की जांच कर आवश्यक दवाएँ जनऔषधि केंद्र, धन्वंतरि नगर द्वारा वितरित की गईं। शिविर का आयोजन श्री अनन्ता वेलफेयर महिला मंडल, जय महाकाल संघ, करणी सेवा परिवार एवं थैलेसीमिया जनजागरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। चिकित्सकीय सेवाएँ डॉ. रूपांशु मेहरा, डॉ. विनीता घनघोरिया, डॉ. शिखा लारिया, डॉ. अंकुर सिंह, डॉ. अनुराग दुबे, डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता, सुखसागर हॉस्पिटल की आई केयर टीम, डॉ. अनिल पटेल एवं उनकी चाइल्ड रीहैब टीम द्वारा प्रदान की गईं। अतिथियों में पं. विकास शुक्ला,

एडवोकेट विनोद सिसोदिया, इंजी. विकास खंडेलवाल, बाबू भैया, रूपेश पटेल, पं. कन्हैया राम, कृष्णा तिवारी, अजय घोष, शिव शंकर कपूर, सुमित यादव एवं सुजीत सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। मंदिर समिति अध्यक्ष के.के. शुक्ला, महिला मंडल अध्यक्ष चंद्र दीक्षित, पुजारी पं. प्रशांत, महेंद्र दौलतवानी एवं सुरेन्द्र सिंह का विशेष सहयोग रहा। नीतू मोहित संघी, अर्चना उपाध्याय, नीलू सिंह, रविंदर कौर एवं रानू यादव सहित मातृशक्ति का योगदान उल्लेखनीय रहा।

बंधपत्र के साथ जांबाज को मिली जमानत

नवभारत,जबलपुर। विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार के समक्ष जमानत आवेदन पर सुनवाई हुई। आरोपी जांबाज उर्फ जिशान खान (24 वर्ष, लथिया मोहल्ला, गढ़ा), जो 7 जनवरी 2026 से न्यायिक हिरासत में था, ने अपने भाई अजहर के शपथ पत्र और अधिवक्ता अभिषेक पटेल के माध्यम से जमानत की मांग की। आवेदक के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि जांबाज का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, वह मजदूरी करता है और जबलपुर का स्थाई निवासी है। साथ ही, उच्च न्यायालय द्वारा सहअभियुक्त कार्तिक चौधरी को 10 फरवरी 2026 को जमानत प्रदान की जा चुकी है। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक स्मृतिलता बरकड़े ने विरोध किया, वहीं फरियादी मोहित चौधरी और घायल शिवम गुप्ता ने मौखिक आपत्ति जताई।

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

//निविदा सूचना//

N.I.T.NO/PWD/e-tendering/PRO/929 Date : 26/02/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_485329_1	सं.क्रं.-05 अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 हेतु मरम्मत, रंगाई-पुताई कार्य। (निगम मद)	04 माह	₹.2,000/-	16/03/2026
	26/02/2026		₹.5.51 लाख	₹. 5510/-	
2.	2026_UAD_485329_2	सं.क्रं.-05 अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 हेतु विभिन्न वार्डो में नाली पुलिया, पेवर ब्लाक एवं अन्य कार्य। (निगम मद)	04 माह	₹.2,000/-	16/03/2026
	26/02/2026		₹.8.46 लाख	₹. 8460/-	

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर

दिन में तमतमा रहे सूर्यदेव, शाम से गुलाबी ठंड

नवभारत, जबलपुर। मौसम का मिजाज बदल गया है। दिन में ठंड पर ब्रेक लग गया है हालांकि शाम ढलते ही गुलाबी ठंड महसूस हो रही है । गुरूवार को सुबह से सूर्यदेव तमतमाये रहे। दिनभर सूरज की तपिश से गर्मी का अहसास हुआ। शाम ढलते ही मौसम ने रंगत बदली और ठंडी हवाएं चली जिससे ठंडक घुल गई।

गुरूवार को अधिकतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सुबह के वक्त आद्रता 54 प्रतिशत और शाम को 33 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर-पूर्व हवाएं 4 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली। आज मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण, उत्तर-पूर्वी अरब सागर एवं गुजरात तट से दूर माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊँचाई पर सक्रिय है। एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण, गुजरात के ऊपर माध्य समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊँचाई पर सक्रिय है। एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण, दक्षिण-पश्चिम राजस्थान तथा संलग्न पाकिस्तान क्षेत्र के ऊपर माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊँचाई पर सक्रिय है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ 02 मार्च से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। पूर्वोत्तर भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊँचाई पर लगभग 176 किमी प्रति घंटा की गति से उपोष्ण पछुआ जेट स्ट्रीम, हवाएं बह रही है।

बदमाश फायर आर्म्स समेत पकड़ाया

जबलपुर। लार्डगंज पुलिस ने एक बदमाश को फायर आर्म्स, चार कारतूस के साथ पकड़ा है। टीआई नवल सिंह आर्य ने बताया कि जीरो डिग्री के पास घेराबंदी कर सोनू उर्फबटैया पिता राजू रैकवार 26 वर्ष निवासी गली नम्बर 4 उजार पुरवा को पकड़ा ग या जो तलाशी लेने पर कमर में दाहिने तरफदेशी कट्टा खोंसे मिला, जिसे खोलकर चैक करने पर 4 कारतूस लोड होना पाये गये। उल्लेखनीय है कि पकड़ा गया आरोपी सोनू उर्फबटैया अपराधी प्रवृत्ति का युवक है जिसके खिलाफ मारपीट के 9 अपराध दर्ज है।

10 माह में पकड़े गए 7 .21 लाख से अधिक अनियमित रेल यात्री

नवभारत, जबलपुर । जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाड़ियों में संचालित सघन टिकट जाँच अभियान के उत्कृष्टपरिणाम सामने आए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के 10 महीनों 1 अप्रैल 2025 से 31 जनवरी के दौरानवाणिज्य विभाग की टीम ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए कुल 7 लाख 21 हजार से अधिक अनियमित बिनाटिकट यात्रियों को पकड़ा, जिनसे कुल 52 करोड़ 90 लाख रुपये का राजस्व रेलवे को प्राप्त हुआ। मंडल रेलप्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के प्रभावी मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व मेंटिकट चेकिंग स्टाफ एवं वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं यात्री गाड़ियों में निरंतर औरलक्षित जाँच अभियान चलाए गए। इन अभियानों में यात्री सुरक्षा, राजस्व संरक्षण तथा अनियमित यात्रा पर प्रभावीनियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर

// निविदा आमंत्रण सूचना// (द्वितीय निविदा)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य समयावधि एवं लागत (लाख)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	PRO- 928	सं.क्रं.11 रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्र. 66 के अंतर्गत टेमर में सी.सी. सड़क एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य। (पार्षद मद)	3 Month	2000.00	13/03/2026
	Date-26/02/2026		4.23	4230.00	
	2026_UAD_483318_1				
2.	PRO- 928	सं.क्रं.11 रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्र. 66 के अंतर्गत भीटा में सामुदायिक भवन पेवर ब्लाक एवं सी.सी. सड़क व नाली कवर्ड करने का कार्य। (पार्षद मद)	3 Month	2000.00	13/03/2026
	Date-26/02/2026		3.38	3380.00	
	2026_UAD_483318_2				
3.	PRO- 928	सं.क्रं.11 रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्र. 66 के अंतर्गत नई बस्ती कजरवारा में कवर्ड नाली निर्माण एवं नाली कवर्ड का कार्य। (पार्षद मद)	3 Month	2000.00	13/03/2026
	Date-26/02/2026		5.92	5920.00	
	2026_UAD_483318_3				

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (वि/यां) संभाग जबलपुर म.प्र.

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन- 482001 E-mail : eepwdelecjbp@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक- 42/व.ले.लि./2025-26 जबलपुर, दिनांक-18/02/2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकता है।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी.	कार्य का नाम	आमंत्रण	ठेके की अनुमानित राशि रू. (लाख में)	अमानत राशि रू.	निविदा प्रपत्र राशि रू.	समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	2026_PWDRB_483526_1	जबलपुर जिले के हाई. कोर्ट सेक्शन के अंतर्गत रखरखाब का विद्युतीकरण कार्य।	प्रथम	19.60	39200/-	2000/-	upto 31/03/2026	नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं "अ" श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु।
2.	2026_PWDRB_483527_1	जबलपुर जिले के एम.एम.व्ही. सेक्शन के अंतर्गत जजेस बंगलों एवं अन्य स्थानों पर रखरखाब का विद्युतीकरण कार्य।	प्रथम	19.65	39300/-	2000/-	upto 31/03/2026	
3.	2026_PWDRB_483528_1	जिला जबलपुर अंतर्गत बरगी वायवास से बमबम ढाबा मार्ग निर्माण में बाधित 14 के.व्ही. विद्युत लाईन शिफ्टिंग एवं ऊचाई बढाने का कार्य।	प्रथम	18.37	36740/-	2000/-	upto 31/03/2026	
4.	2026_PWDRB_483582_1	जबलपुर जिले के विक्टोरिया सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य।	प्रथम	6.00	12000/-	2000/-	upto 31/03/2026	
5.	2026_PWDRB_483583_1	जबलपुर जिले के पाटन/विक्टोरिया सेक्शन के अंतर्गत पंप, एसेसरीज लगाने का कार्य एवं विद्युतीकरण कार्य।	प्रथम	5.00	10000/-	2000/-	upto 31/03/2026	नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं "ब" श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु।

टीपः-निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 04/03/2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

जी-26472/25 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (वि/यां) संभाग जबलपुर